# भैरूंसर और भोलूसर के बीच पौने दो किमी. लंबी सड़क बनी जी का जंजाल

## आमजन को हो रही परेशानी से किसी को कोई लेना-देना नहीं

- कलैक्टर द्वारा अधिकारियों को दिए जाने वाले निर्देशों की पोल खुली, सरपंच की भी नहीं हुई सुनवाई
- यहां पर पेच वर्क के नाम पर सड़क को टूटा हुआ ही छोड़ दिया है



निकटवर्ती भैरूंसर और भोलूसर के बीच पौने 2 किमी. लंबी सड़क टूट जाने के कारण आमजन के लिए जी का जंजाल बनी हुई है।

**चूरू,** (कासं)। जिला मुख्यालय के निकटवर्ती भैरूंसर और भोलूसर के बीच पौने 2 किलोमीटर लंबी सड़क टूट जाने के कारण आम जन के लिए जी का जंजाल बनी हुई है। मजे की बात है कि यहां सड़क का निर्माण करने के लिए सरपंच की भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। मिली जानकारी के अनुसार भैरूंसर और भोलूसर के बीच सड़क पूरी तरह से टूट गई है।

ग्राम पंचायत इंद्रपुरा के सरपंच भंवर किशन सिंह राठौड़ ने बताया कि यह 15 वर्ष पुरानी सड़क है। यह सड़क एकदम खुर्द बुर्द हो चुकी है। अब इसकी रिपेयरिंग करने की फोरमल्टी की जा रही है। सरपंच ने बताया कि सार्वजनिक निर्माण विभाग चूरू के अधिकारी को भी मौके पर लाकर स्थिति की वास्तविकता से अवगत करवाया। उसके बाद भी समस्या का कोई समाधान नहीं हुआ है। यहां पर पेच वर्क के नाम पर सड़क को टूटा हुआ ही छोड़ दिया है। सरपंच भंवर किशन सिंह राठौड़ ने कहा कि इस सड़क का पुन: निर्माण करवाकर समस्या का स्थायी समाधान किया जाना चाहिए।

यहां टूटी हुई सड़क के कारण आम जन को बहुत परेशानी हो रही है। साथ ही सरपंच की भी सुनाई नहीं होने की बात ने यहां शासन और प्रशासन की सतर्कता की पोल खोलकर रख दी है। जिला मुख्यालय पर कलेक्टर द्वारा जनप्रतिनिधियों की सुनवाई करके समस्या का समाधान करने के निर्देश विभिन्न अधिकारियों को बैठकों में दिए जाते रहते हैं। उसके बाद भी यहां अधिकारी सरपंच तक की वाजिब बात को कोई महत्व नहीं दे रहे हैं। यह खुद निर्देश देने वालों के लिए सोचने की बात है। यहां अधिकारियों की अनदेखी के कारण मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भावनाओं को गहरी चोट लग रही है। गांवों तक सड़कों का जाल बिछाने की बात निकटवर्ती भैरूंसर और भोलूसर के बीच पौने 2 किलोमीटर लंबी क्षतिग्रस्त सड़क पर चलने वालों के लिए परेशानी के साथ-साथ हास्य का पात्र बनी हुई है।

## पिकअप चोरी, थाने पर प्रदर्शन

**बुहाना,** (निसं)। थाना इलाके के खांदवा गांव में पिकअप चोरी का खुलासा नहीं होने से नाराज ग्रामीणों ने बुहाना थाने का घेराव करते हुए प्रदर्शन किया है। पूर्व सांसद संतोष अहलावत के नेतृत्व में बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्रित होकर थाने पर पहुंचे और थाने के सामने विरोध जताया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि लगातार चोरियां बढ रही है। लेकिन इसके बाद भी पुलिस चोरों को पकड़ने में पूरी तरह से नाकाम है। सूचना पर डीएसपी मुकेश चौधरी पहुंचे और वार्ता की। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि खांदवा गांव से पिकअप चोरी हो जाती है और पुलिस को 30-35 किलोमीटर तक के सीसीटीवी फूटेज भी उपलब्ध करा दिए गए। चोरी की वारदात 7 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस चोरों को पकड़ नही पाई हैं। फिलहाल पूर्व सांसद संतोष अहलावत व ग्रामीणों ने चोरों को जल्द पकड़ने के लिए पुलिस को चेतावनी दी और जल्द खुलासा नहीं करने पर आंदोलन करने की बात भी कही। वहीं बुहाना डीएसपी मुकेश चौधरी ने आश्वस्त किया कि पुलिस जल्द ही चोरों को गिरफ्तार कर लेगी।

## सार-समाचार

### सिपाही पुनीता पूनियां का स्वागत



सादुलपुर में तैनात महिला सिपाही पुनीता पूनियां ( दायें से दूसरी ) ने ब्रॉन्ज मेडल जीतकर लौटने पर उनका स्वागत किया।

**सादुलपुर,** (निसं)। श्रीनगर में 20 अक्टूबर से 24 अक्टूबर के बीच आयोजित ऑल इंडिया छठवीं ओपन पेंचक सलाट टूर्नामेंट में राजकीय रेलवे थाना जीआरपी सादुलपुर में तैनात महिला सिपाही पुनीता पूनियां नें ब्रॉन्ज मेडल जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। वहीं उनके मेडल जीतकर सादुलपुर रेलवे स्टेशन पर पहुँचने पर आरपीएफ, जीआरपी स्टाफ सहित स्थानीय लोगों द्वारा उनका भव्य स्वागत किया। साथ ही राजस्थान के मुख्य खेल अधिकारी विरेन्द्र पूनियां ने उन्हें फोन पर बधाई दी। गौरतलब है कि यह प्रतियोगिता मार्शल आर्ट का अंतर्राष्ट्रीय स्तर का खेल है। इस अवसर पर इंस्पेक्टर सुनील कुमार, जीआरपी एसएचओ अनूप सिंह, आरपीएफ सब इंस्पेक्टर महेश कुमार, हेड कांस्टेबल रोहतास, कॉन्स्टेबल विकास कुमार, कॉन्स्टेबल संजय, एएसआई रविन्द्र सिंह राठौड, कॉन्स्टेबल मनजीत, सीटी ओमाराम विश्नोई, हैड कॉस्टेबल मानसिंह, जयवीर पूनिया, साईं जिम संचालक कोच विनेश, साईं अंतरराष्ट्रीय खिलाडी अंकिता पूनिया, अमित पूनिया, विकास श्योराण, भूपेंद्र सांगवान, पूनिया मेडिकल संचालक सुरेंद्र पूनिया सहित अनेक ग्रामीण जन, शुभेच्छु एवं गणमान्य लोगों ने बधाई देकर पुनीता पूनियां का जोरदार स्वागत किया।

### रन फॉर यूनिटी का आयोजन 31 को

**झुंझुनूं,** (निसं)। आजादी का अमृत महोत्सव के तहत जिले में 25 से 31 अक्टूबर तक राष्ट्रीय एकता सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी कडी में 31 अक्टूबर को सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर ब्लॉक एवं जिला स्तरीय रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिला स्तर पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन सुबह 8 बजे स्वर्ण जयंती स्टेडियम से जेपी जानूं स्कूल तक किया जाएगा। जिसे जिला कलेक्टर लक्ष्मण सिंह कुडी हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

### खिलाड़ियों का ट्रायल 30 को

**चूरू,** (कासं)। बीकानेर में 12 से 14 नवंबर को प्रस्तावित राजस्थान राज्य अंतर जिला सिविल सेवा टेनिस एवं बैडमिंटन प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए चूरू जिले के टीम का चयन करने हेतु 30 अक्टूबर को जिला स्टेडियम में सवेरे 11 बजे ट्रायल रखी गई है। एडीएम लोकेश गौतम ने विभिन्न विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने कार्यालय, विभाग में पदस्थापित इच्छुक खिलाड़ियों को ट्रायल में भाग लेने के लिए भिजवाएं। ट्रायल में अनुपस्थित खिलाड़ियों के चयन पर विचार नहीं किया जाएगा।

### 29-30 को झुंझुनूं में जुटेंगे पूर्व सैनिक



**झुंझुनूं,** (निसं)। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद की बैठक खेमी शक्ति झुंझुनूं में संपन्न हुई। जिसमें 29 व 30 अक्टूबर को होने वाले राज्य स्तरीय वार्षिक अधिवेशन संपन्न करवाने की जिम्मेदारी झुंझुनूं को मिलने पर सभी सदस्यों ने परिषद के प्रदेशाध्यक्ष मेजर जनरल अनुज माथुर का आभार व्यक्त किया। मीडिया प्रभारी हवलदार हरलाल सिंह डांगी ने बताया कि दो दिवसीय आवासीय अधिवेशन पंचदेव के समीप स्थित खेमी शक्ति मंदिर होगा। जिसकी रुपरेखा तैयार कर सभी ब्लॉक के सदस्यों को अलग अलग जिमेदारी सौंपी गई। बैठक में परिषद के जिलाध्यक्ष रामनिवास डुडी, राजस्थान गौरव सैनानी शिक्षक संघ प्रदेशाध्यक्ष राजवीर चनाना, झुंझुनूं ब्लॉक अध्यक्ष सूबेदार मेजर धर्मपाल भांबू, गुढा ब्लॉक अध्यक्ष कैप्टन सीताराम धींवा, नवलगढ ब्लॉक अध्यक्ष कैप्टन सीताराम धींवा, चिड़ावा ब्लॉक सचिव नायब सूबेदार जयसिंह बराला, हवलदार प्रमोद नेहरा, सूबेदार शिवपाल, सूबेदार महिपाल, हवलदार सुभाष कुमार, हवलदार महेश कुमार, कैप्टन सहीराम बुडानिया, सूबेदार राकेश भांबू आदि मौजूद थे।

### निलम पूनियां उपाध्यक्ष मनोनीत



निलम पूनियां

**सादुलपुर,** (निसं)। जिलाध्यक्ष प्रभा धंधावत ने भाजपा महिला मोर्चा चूरू के कार्यकर्ताओं का विस्तार किया। जिसमें भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनियां, भाजपा महिला मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष अलका मूदडा, उपप्रतिपक्ष नेता राजेन्द्र राठौड, सांसद राहुल कस्वा व भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मवीर पुजारी के निर्देशानुसार व भाजपा के वरिष्ठ नेताओं से विचार-विमर्श कर निलम पूनिया, इन्द्रा कंवर व अंतिमा राठौड को भाजपा महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष मनोनित की है।

# पालिका चेयरमैन शोएब खत्री के जन्मदिन पर कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित



एम. मोरारका पार्क में कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ।

**नवलगढ़,** (निसं)। नगरपालिका के चेयरमैन शोएब खत्री के जन्मदिन के अवसर पर बुधवार को एम मोरारका पार्क में कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। कांग्रेस के युवा नेता डॉ. राजपाल शर्मा कार्यक्रम के मुख्य आतिथ्य थे। पालिका अध्यक्ष शोएब खत्री ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। पालिका उपाध्यक्ष कैलाश चोटिया कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि थे।

कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम केक काटकर पालिकाध्यक्ष शोएब खत्री का जन्म दिन मनाया। इस अवसर पर कांग्रेस नेता डॉ. राजपाल शर्मा के मुख्य आतिथ्य में केक काटकर व मिठाई खिलाकर चेयरमैन शोएब खत्री जन्मदिन मनाय व उन्हें दीर्घायु होने का आशीर्वाद दिया। जन्म दिवस के अवसर पर जरूरतमंद लोगों को 251 कंबल वितरित की गई। इस दौरान डॉ. राजपाल शर्मा ने बताया कि 14 नवंबर को सीएम सलाहकार व विधायक डॉ. राजकुमार शर्मा का जन्मदिन भी मनाया जाएगा। जन्मदिन के अवसर पर झुंझुनूं जिले में अनेक स्थानों पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर भी लगेंगे। डॉ. राजकुमार शर्मा विकास पुरूष है। नवलगढ विधानसभा क्षेत्र में विकास के नए आयाम स्थापित किए है।

इस दौरान पार्षद महेंद्र सैनी, पार्षद आरिफ चौहान, युवा नेता बलदेव सैनी, यूथ कांग्रेस के नवलगढ़ विधानसभा अध्यक्ष व पार्षद लोकेश जांगिड़, पार्षद अनिल शर्मा, नवलगढ बार संघ के अध्यक्ष एडवोकेट बाबूलाल वर्मा, सफाई निरीक्षक ललित शर्मा, एडवोकेट संपतसिंह, पार्षद आमीन सैयद, पार्षद प्रतिनिधि रफीक लंगा, पार्षद आमीर खान, पार्षद विनोद घुघरवाल, राकेश दायमा, दीपक सर्राफ, पार्षद विजय वाल्मिकी, मनु गुजराती, सहवृत सदस्य कन्हैयालाल चावला, पार्षद पति जाबिद बाहुबली, विकेश रॉयल, युवा नेता नरेंद्र कड़वाल, पार्षद प्रतिनिधि राजेन्द्र रोलन सहित पार्षदगण व कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## विद्युत समस्याओं के निस्तारण की मांग

**सादुलपुर,** (निसं)। पूर्व विधायक मनोज न्यांगली ने गुरूवार को राजगढ तहसील क्षेत्र के विद्युत विभाग की काफी लम्बे समय से लम्बित पडी समस्याओं को लेकर स्थानीय अधिकारियों से वार्तालाप कर समस्याओं के समय पर निस्तारण करने की माँग की। पूर्व विधायक न्यांगली ने सादुलपुर विधानसभा क्षेत्र में किसानो के 1 वर्ष से अधिक समय से लम्बित कृषि कनेक्शनों को लेकर अधिकारियों को अवगत करवाया कि किसानों के प्रति कनेक्शन की करीबन 4-5 लाख रूपये खर्च हो रखे है, लेकिन विभाग ने अभी तक उनको विद्युत कनेक्शनों की कोई सुधबुध नहीं ली है, जिसके कारण किसान बडे परेशान हैं। उन्होंने कहा कि राजगढ विद्युत कार्यालय में ना तो समय पर खराब पडे मीटरों को बदला जा रहा है और ना ही क्षतिग्रस्त विद्युत पोल और तारों को बदला जा रहा है। न्यांगली ने कहा कि इस कांग्रेस सरकार के कुशासन से आज जनता पीडित है। इस अवसर पर सुभाष कुलरिया नया बास, अनूप मूण्ड भैंसली, नरेन्द्र सिंह जनाऊ मिठी, महेन्द्र मेघवाल ब्राहम्णों का बास, मोहम्मद शमसुद्दीन, विजयपाल ग्वालीसर, गजानंद, रोशनसिंह सहित सैंकड़ों ग्रामीण उपभोक्ता उपस्थित थे।

# नगर पालिका प्रशासन ने शहर में करवाई फोगिंग



डेंगू महामारी बीमारी को लेकर पालिका प्रशासन ने फोगिंग करवाई।

**मुकुंदगढ़,** (निसं)। डेंगू महामारी बीमारी के बचाव को लेकर राज्य सरकार के आदेश अनुसार नगर पालिका प्रशासन द्वारा गुरुवार को शहर में फोगिंग करवाई गई।

ईओ रामनिवास कुमावत ने बताया कि शहर में मुख्य बाजार, बस स्टैंड, मंडी सर्किल, राजनगर, कॉलेज रोड, लक्ष्मणगढ़ रोड, रेलवे स्टेशन रोड, नवलगढ़ रोड, पुलिस थाना, सरकारी अस्पताल पर फोगिंग किया गया तथा शहर में जहां-गंदा पानी इकट्ठा है। उन पर कीटनाशक दवा का छिड़काव भी किया गया। पालिका कर्मचारी महेंद्र सैनी, विद्याधर तंवर, संजय सिंह राजपूत, शुभम आदि कर्मचारियों द्वारा फागिंग कार्य में सहयोग किया गया।

# जुआ-सट्टा खेलते 10 आरोपी गिरफ्तार

- 26690 रूपये की नगदी बरामद
- पुलिस ने दबिश देकर दो अलग-अलग कार्यवाही की

**सादुलपुर,** (निसं)। राजगढ थाना पुलिस ने दीपावली पर्व पर ताश के पत्तों पर जुआ सट्टा खेलने के आरोप में दबिश देकर दो अलग-अलग कार्यवाही करते हुए 26690 रूपये की नगदी व ताश के पत्तों सहित 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

थानाधिकारी कृष्ण कुमार बलौदा ने बताया कि मुखवीर से मिली सूचना कि दो जगहों पर रतनपुरा गऊशाला के पास 9-10 व्यक्ति ताश के पत्तों पर रूपयों का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। जिस पर 25 अक्टुबर की रात्रि 2.00 ए.एम. पर सुरेन्द्र कुमार उनि. ने मय पुलिस टीम के कास्टेबल पवन कुमार, भोजुराम व चालक सतीश कुमार के साथ कार्यवाही करते हुए रतनपुरा गाँव की गऊशाला के आगे बिजली के खंबो के निचे रोशनी में ताश के पत्तों पर जुआ सटटा खेलते 14260 रूपये की नगदी सहित आरोपीगण सतवीर पुत्र शीशराम धाणक, भोमसिहं पुत्र जयसिंह धाणक, चरणसिंह पुत्र नन्दलाल जाट, जयकरण पुत्र जयसिंह धाणक व मनोज कुमार पुत्र शीशराम धाणक निवासीगण रतनपुरा को गिरफ्तार किया गया।

इसी क्रम में दुसरी कार्यवाही में प्रदीप कुमार सउनि ने मय पुलिस टीम के कास्टेबल सुनील कुमार, संदीप कुमार, सुरेश कुमार व चालक कुलदीप आदि के साथ दबिस देकर रतनपुरा गऊशाला के पास बिजली के खंबो के निचे रोशनी में ताश के पत्तो पर जुआ सटटा खेलने के आरोप में 12430 रूपये की नगदी सहित बन्शीलाल पुत्र जीताराम धाणक, धमेन्द्र पुत्र मनभर धाणक, दलीप कुमार पुत्र मनीराम स्वामी, सुनिल कुमार पुत्र जीताराम धाणक व संजय कुमार पुत्र महावीर जाट निवासीगण रतनपुरा को गिरफ्तार कर 13आपीजीओ के तहत प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ कर दिया है।

## कोकली माई का निधन

**पाटन,** (निसं)। दलपतपुरा ग्राम पंचायत की वयोवृद्ध समाजसेवीका कोकली माई का निधन हो गया है। कोकली माई ने ग्राम पंचायत दलपतपुरा में अपने स्वर्गीय पति जाराराम लहंग की यादगार में आसपास के लोगों के लिए हॉस्पिटल भवन तैयार करवा कर सरकार को दान कर दिया था, उसके बाद से ही कोकली माई सुर्खियों में आ गई थी।

कोकली माई का पीहर हरिपुरा में है तथा कोकली माई की मां ग्यारसी देवी ने भी अपने पति की यादगार में स्कूल भवन बनाकर सरकार को भेंट कर दिया था। उसी के पद चिन्हों पर चलते हुए कोकली माई ने भी यह सराहनीय कदम उठाया था। ग्राम पंचायत दलपतपुरा निवासी स्वर्गीय जारा राम लादी की धर्मपत्नी स्वर्गीय कोकली देवी ने लगभग 2 बीघा जमीन में अपने पति की यादगार में हॉस्पिटल बनाकर सरकार को भेंट कर दिया था तथा विकास के कार्यों में सदैव अग्रणी रही है। इस बारे में पूर्व विधायक फूलचंद गुर्जर ने जानकारी देते हुए बताया कि मेरे ससुर की यादगार में मेरी सास ग्यारसी देवी ने गांव हरिपुरा में स्कूल भवन बनाकर सरकार को भेंट कर दिया था।

# गांव ख्याली में कुलदेवी जमवाय माता मंदिर का निर्माण कार्य शुरू



गांव ख्याली में कुलदेवी जमवाय माताजी के मंदिर का निर्माण कार्य विधिवत रूप से पूजा-अर्चना कर प्रारंभ किया गया।

**चूरू,** (कासं)। निकटवर्ती गांव ख्याली में कुलदेवी जमवाय माताजी के मंदिर का निर्माण कार्य विधिवत रूप से पूजा अर्चना करके प्रारंभ किया गया। यहां सामाजिक कार्यकर्ता एवं अभिनेता नागेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि श्री ठाकुर जी महाराज के मंदिर के पास जमवाय माताजी के मंदिर के निर्माण कार्य का शुभारंभ आज गांव के वरिष्ठजनों की मौजूदगी में पंडित नरेश शर्मा ने मंत्रोच्चार के साथ किया।

इस मौके पर पूर्व सरपंच बजरंग सिंह ख्याली, ठाकुर महावीर सिंह, दल्लेसिंह, प्रेम सिंह, रणजीत सिंह सूबेदार, पीओ प्रताप सिंह, जालू दास स्वामी, नोप सिंह, वैद्य सांवर मल स्वामी, मास्टर महावीर सिंह, मदन सिंह, कुंदन सिंह व भरत सिंह ठेकेदार, डॉ. लक्खुसिंह शेखावत, दिलीप सिंह, कर्ण पाल सिंह, उप सरपंच रामपाल सिंह, पूर्व उप सरपंच करणी सिंह, शिव भान सिंह, हुकम सिंह, मनोहर सिंह, सुरेंद्र सिंह ठेकेदार, राम कुमार गोरा, मास्टर वीरेंद्र सिंह, उपेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह, ऊंकार सिंह, जुगल सिंह, एडवोकेट योगेंद्र सिंह, दिपेंदर सिंह, नरपाल सिंह, भैरूं सिंह, योगराज सिंह, जितेंद्र सिंह, विक्रम सिंह, मनरूप सिंह, संजय सिंह, मनीष सिंह, देवेंद्र सिंह, रॉबिन सिंह, लोकेंद्र सिंह, अनिरुद्ध सिंह, रोमिल सिंह, जयसिंह, रघुवीर सिंह, राजू सिंह, उद्धवराजसिंह सहित बड़ी संख्या में बच्चे मौजूद रहे। यहां चूरू सहित दूरदराज से ख्याली के नागरिक पहुंचे। यहां सभी ने श्रमदान किया। इस मंदिर का निर्माण ग्रामीणों के सहयोग से किया जा रहा है। मंदिर निर्माण को लेकर यहां ग्रामीणों में काफी उत्साह दिखाई दिया। यहां महिलाओं ने भी बड़ी संख्या में उपस्थिति दर्ज की।

## दो सड़कों का शिलान्यास

**पाटन,** (निसं)। नीमकाथाना पंचायत समिति अन्तर्गत राजस्थान व्यापार कल्याण बोर्ड अध्यक्ष एवं नीमकाथाना विधायक सुरेश मोदी द्वारा दो सड़कों का शिलान्यास किया गया। दोनो पंचायतों में ग्रामवासियों द्वारा विधायक मोदी को साफा व माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक मोदी ने बताया कि नीमकाथाना में ठीकरिया से लाम्बा की ढाणी तक एक कि.मी. सड़क 39 लाख रूपये की लागत से एवं गोविन्दपुरा से झड़ाया (जिला सीमा) तक 2 कि.मी. लंबी सड़क 64.50 लाख रूपये की लागत से तैयार होगी। नवनिर्मित सड़क गारंटी पीरियड में बनाई जाएगी जिनकी गारंटी पांच साल तक की होगी। सड़कों में जहां बारिश का पानी जमा होगा वहां सी.सी. सड़क और शेष सड़क डामर से बनेगी। दोनो सड़को का निर्माण कार्य 8 माह में सम्पूर्ण हो जाऐगा।

सड़को के निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद आमजन को आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी। ग्राम पंचायत ठिकरिया में कबड्डी प्रतियोगिता का उद्धघाटन व प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। विधायक सुरेश मोदी ने फीता काट कर उद्घाटन किया व गांव के प्रतिभावाओं का साफा व माला पहनाकर तथा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। युवा नेता अनिल काजला ने गांव में खेल मैदान की मांग रखी जिस पर विधायक ने खेल मैदान के लिए 10 लाख रूपए की घोषणा की।

**आम सूचना**

कंचन देवी पत्नी स्व. हंसराज दूगड़ ने नगरपालिका में कुर्सीनामा प्रस्तुत कर सम्पति का बंटवारा चाहा है। इस संदर्भ में किसी को आपत्ति हो, तो तीन दिवस के अंदर अपना एतराज दर्ज करवायें। तीन दिन बाद दर्ज आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

**कंचन देवी पत्नी स्व. हंसराज दूगड़, वार्ड नं. 20 सरदारशहर**

**बेदखली सूचना**

मैं बलवीर पुत्र महावीर उम्र 35 वर्ष जाति मेघवाल निवासी डाबड़ी धीर सिंह तहसील मलसीसर जिला झुन्झुनूं (राज.) का हूं, जो शपथपूर्वक बयान करता हूं यह कि सोनिका पुत्री काशीराम जाति मेघवाल निवासी ठिमाऊ बड़ी तहसील राजगढ़ जिला चूरू (राज.) मेरी पत्नी थी। जिसने दिनांक 17.03.2021 को घर से बिना बताये जितेन्द्र पुत्र सतबीर सिंह जाति यादव निवासी मदनसर बुहाना के साथ जाकर शादी कर ली है। जिसकी गुमशुदा रिपोर्ट MPR 13/2021 पुलिस थाना पिलानी (झुन्झुनूं) में दर्ज है। जिसको हमने समझाने व घर बसाने के लिए अपने स्तर पर भरपूर प्रयास किया है। लेकिन मेरी पत्नी सोनिका हठीली, जिद्दीगारी है, जो आवारा प्रवृति के व्यक्तियों के साथ रहती है। इसलिए मैंने मेरी पत्नी सोनिका को सार्वजनिक सूचना देकर मेरी समस्त प्रकार की चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया हैं। आज के बाद मेरे से व मेरे परिवार से सोनिका का कोई लेना-देना नहीं रहा है। यदि सोनिका किसी भी प्रकार की घटना कारित करती है तो उसमें मेरी कोई जिम्मेवारी नहीं होगी, समस्त प्रकार की जिम्मेवारी उसकी स्वयं की होगी। सर्वसाधारण को सूचित करता हूं।

सूचित रहे। दिनांक 27.07.2022

**शपथ ग्रहिता**

**बलवीर पुत्र महावीर जाति मेघवाल पता- डाबड़ी धीर सिंह तह. मलसीसर जिला झुन्झुनूं (राज.)**

## उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा

- क्षेत्र में बढ़ रहा अपराध

**पाटन,** (निसं)। नीमकाथाना उपखंड क्षेत्र में बढ़ती आपराधिक गतिविधियों के विरोध में एवं केले फल व्यापारी मोहन लाल सैनी के साथ मारपीट करने एवं पांच लाख रुपए लूट के विरोध में गुरुवार को राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के तहसील अध्यक्ष ओमप्रकाश नेहरा के नेतृत्व में आर एल पी कार्यकर्ताओ एवं फल सब्जी व्यापारीयो के द्वारा उपखण्ड अधिकारी ब्रजेश गुप्ता को ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में व्यापारी के साथ लुट करने वाले आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने व क्षेत्र में बढ़ती आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने कि मांग कि गई। विनोद भूदोली ने बताया दिन प्रतिदिन बढ़ती अपराधिक घटनाओं से आम जन में डर का माहौल बना हुआ है। इस मोके पर कैलाश लांबा, संदीप चंदेलिया, सोनू शर्मा, पूरण गणेश्वर, सोनू सैनी, विनोद सैनी, जयराम, राकेश, अरविंद शर्मा, हेमराज, सोनू, विजेंद्र यादव, जगदीश प्रसाद सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# टूटी सड़क को लेकर विरोध-प्रदर्शन

- छह महीने बीत जाने के बाद भी ठीक नहीं हुई सड़क
- पालिका के बार-बार आश्वासन के बाद भी हालात जस के तस बने हुए हैं



टूटी सड़क को लेकर नाराज वार्डवासियों ने प्रदर्शन किया।

**खेतड़ी,** (निसं)। कस्बे के अजीत अस्पताल से कस्बे की ओर जाने वाली तथा वार्ड नंबर 14 व 17 से होकर गुजरने वाली सड़क छह माह बाद भी ठीक नहीं हुई है। नगरपालिका द्वारा बार-बार आश्वासन दिए जाने के बाद भी हालात जस के तस बने हुए है। नाराज वार्डवासियों ने चिंटू सुरोलिया के नेतृत्व में प्रदर्शन किया।

हुआ यूं कि खेतड़ी की तरफ जाते समय मोटरसाइकिल कीचड़ में फिसल कर गिर गई। जिससे मोटरसाइकिल सवार कीचड़ में सन गया व हल्की चोट भी आई। इससे वार्डवासियों का पारा चढ़ गया। जिन्होंने विरोध करना शुरू कर दिया। चिंटू सुरोलिया ने बताया बताया कि सीवरेज के लिए 6 महीने पहले सड़क को तोड़ा गया था। आगे की सड़क को बना दिया गया। लेकिन 100 मीटर सड़क को बिना बनाए ही अधूरी छोड़ दी। जिससे उसमें पानी भरने से कीचड़ हो जाता है तथा राहगीर परेशान हो रहे हैं। महिलाएं फिसल कर गिर चुकी हैं। कई राहगीरों के कीचड़ के छींटे लगने से कपड़े भी खराब हो जाते हैं। सुरोलिया ने बताया कि टूटी सड़क के लिए कई बार शिकायत कर चुके हैं। लेकिन अभी तक समाधान नहीं किया गया है। अगर जल्द ही समाधान नहीं किया गया तो वार्डवासी बड़ा आंदोलन करने पर मजबूर हो जाएंगे। इस मौके पर सुंदरलाल, दूलीचंद, संदीप, किशन, रवि व संजय सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## किसानों का दल सात दिन के भ्रमण पर

**झुंझुनूं,** (निसं)। आत्मा योजना अंतर्गत राज्य के बाहर सात दिवसीय 50 कृषकों का भ्रमण दल झुंझुनूं से रवाना हुआ। उप निदेशक कृषि एवं पदेन परियोजना निदेशक (आत्मा) रामकरण सैनी एवं सहायक निदेशक उद्यान विभाग शीशराम जाखड़ ने हरी झंडी दिखाकर दल को रवाना किया। उप निदेशक रामकरण सैनी ने बताया कि सात दिवसीय कृषक भ्रमण में कृषकों को कृषि एवं पशुपालन विश्वविद्यालय हिसार, फल अनुसंधान सब केंद्र पटियाला, उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय सोलन, भारतीय मृदा एवं जल संरक्षण संस्थान देहरादून एवं राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान करनाल इत्यादि स्थानों का भ्रमण करवाया जाएगा। सहायक निदेशक शीशराम जाखड़ ने बताया कि भ्रमण के दौरान किसान कृषि एवं पशुपालन की नवीनतम तकनीक, हाईटेक उद्यानिकी एवं एजोला फार्मिंग के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगे। इस दौरान भ्रमण प्रभारी अधिकारी रवि रेप्सवाल, कृषि पर्यवेक्षक संत कुमार गोयल इत्यादि मौजूद रहे।